>

Title: Need to construct a bridge on river Rapti between Shrawasti and Bhinga in Uttar Pradesh.

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के जनपद श्रावस्ती पर्यटन स्थल से लेकर श्रावस्ती जनपद मुख्यालय भिनगा तक लगभग 18 किलोमीटर रोड़ ताप्ती नदी पर पुल सहित सेन्ट्रल रोड फंड (सी.आर.एफ.) के अंतर्गत निर्माण करवाया जाना जनहित में आवश्यक है। जिससे न सिर्फ श्रावस्ती आने-जाने वाले विदेशी सैलानियों को बल्कि वर्षा काल के जलप्लवन में श्रावस्ती जनपद की लगभग 70 हजार आबादी को फायदा होगा एवं सीमा से लगे बलरामपुर जनपद के लगभग 60 हजार आबादी को वर्षा काल के 4-6 महीने, जो यातायात की सुविधा से वंचित रहते हैं, सीधे श्रावस्ती पर्यटन स्थल से होते हुए बौद्ध परिपथ (राष्ट्रीय राजमार्ग) से जुड़कर यातायात की सुविधा मुहैया होगी तथा भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सीधा जुड़ाव होगा एवं नक्सल व माओवादियों की गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।